हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 25 जनवरी 2024

04 लोनिया खदान से बड़े पैमाने पर चल रहा है रेत का...



07 छोटे दुकानदारों ने लागत मूल्य पर दुकान ...





### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रतिभाशाली बालिकाओं को किया गया सम्मानित

# आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत से हर लक्ष्य पाना संभव: कलेक्टर





राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी के अवसर पर जिले भर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कलेक्टर सोनिया मीना, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, माया नारोलिया, अर्चना पुरोहित, रिचा तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित डहरिया सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में स्कूली बालिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रमोद गौर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरवस्ती पूजन और कन्या पूजन से किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कु शिखा दुबे और उनके दल ने रामचौपाई मंगल भवन, अमंगल हारी और सरस्वती वंदना की सुमधुर प्रस्तुति दी। इसी क्रम में मां की महिमा को समर्पित गीत की सुंदर प्रस्तुति भी दी गई। कु मीरा चौधरी ने आकर्षक बांसुरी वादन किया। कु मीरा ने रागख्याल में देशभक्ति धुन से सदन को मंत्रमुग्ध किया। कु. मीरा ने सांस्कृतिक महोत्सव 2023 कलकत्ता में भी सहभागिता की थी। कार्यक्रम में कु वर्णिका तिवारी ने योग का आकर्षक प्रदर्शन किया। कलेक्टर सोनिया मीना ने कार्यक्रम में बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आत्म विश्वास ही वह बल है जिससे हम जीवन में आई हर कठिनाइयों और चुनौतियों का डट के सामना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज का निर्माण करती हैं। वें एक मां, बेटी, पत्नी और बहन के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं। महिलाएं और पुरुषों में एक समान प्रतिभाएं होती हैं। आज महिलाएं राजनीति ,प्रशासन, स्वास्थ्य, खेल, मनोरंजन सहित सभी क्षेत्रों में देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। सबसे महत्वपूर्ण काम एक मां और गृहणी का होता है। मां जन्मदाता होने के साथ ही अपने बच्चों को आदर्शों और मूल्यों से सिंचित करती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा महिलाओं के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहें है। महिलाओं और बालिकाओं से जुड़े कार्यक्रमों में पुरुषों की भी परस्पर सहभागिता होनी चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बेटियों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मध्यप्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने सभी को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज और देश को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि महिलाओं के विकास में पुरुष वर्ग भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं।

#### प्रतिभाशाली अनेक बालिकाओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा प्रतिभाशाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया। गोवा में आयोजित राष्ट्रीय गेम्स 2023 में पेटाथलैन में सिल्वर मेडल जीतने पर कु भारती कहार और दीक्षा सिलावट को, दसवीं कक्षा में 94% अंक हासिल करने पर कु डाली राठौर, 12वीं में 91% अंक हासिल करने पर कु शीतल कहार, योगा में गोल्ड मेडलिस्ट 13 वर्षीय वर्णिका तिवारी, राष्ट्रीय वालीबॉल चैंपियनशिप दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जानकी मांझी, हॉकी चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आरती केवट सहित अन्य प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। रूपल गौर को शिक्षा के क्षेत्र में आरती केवट, आरती काजले, मानसी लश्कर, रिशिका सोलंकी, सिद्धी बरमैया को खेल में, माधुरी हुमने हुमने को लोक नृत्य में प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान की गयी।सांस्कृतिक प्रस्तुति करने वाली बालिकाओ शिक्षा गुबरेले मायरा बिजोनिया, आर्या देव तिवारी, आराध्या तिवारी, गौरी विश्वास, अश्लेषा मेहरा, नित्या मेहरा, उर्वशी मौरे, साक्षी नौरे, शिवानी मेहरा, मीरा चौधरी, सिद्धा साई, पावनी वर्मा, कीर्ति तिगरवार को भी प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान की गयी। ऐसे अभिभावक जिन्होने एक/दो पुत्रियो पर परिवार नियोजन अपनाने वाले सम्मानीय डाटर्स क्लब के सदस्यो- मीना एवं अनूप सेन, स्मिता एवं अविनाश सराठे, वर्षा एवं शैलेष गौर, अंजली एवं भवानी प्रसाद एवं शीतल एवं अमित रैकवार को गौरव-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। लाडली लक्ष्मी योजना के हितग्राही बालिका पीहू गायकवाड, कु. सानवी मालवीय, कु आंकाक्षा सोनिया, कु आन्या साहू एवं कु कायरा मेषकर के अभिभावको को योजनान्तर्गत प्रदान किये जाने वाले 1.43 लाख का आश्वासन प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

## अवैध शराब बिक्री को लेकर ग्रामीण महिलाओं ने सरपंच को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ग्राम भीलाखेड़ी में अवैध शराब व शराबियों से परेशान होकर महिलाओं ने एकत्र होकर ग्राम के सरपंच अखिलेश सिंह सोलंकी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने निवेदन किया है कि भीलाखेड़ी ग्राम में लगभग 20 से 25 वर्षों से खुलेआम अवैध शराब की बिक्री हो रही है। इस वजह से गांव के छोटे बच्चे और युवा भी शराब के कुप्रभाव में फंसते जा रहे हैं। इस शराब के अवैध व्यापार में गांव के कुछ प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं। गांव के एक पंच एवं ओमप्रकाश चंदन कई वर्षों से शराब बेंच रहे हैं। ग्राम की महिलाओं ने सरपंच से निवेदन है किया है कि इस अवैध शराब के कारोबारा की उच्च अधिकारियों से चर्चा कर इसे जल्द से जल्द रूकवाने का निवेदन किया है। इस कुप्रभाव से बच्चों व युवाओं को बचाया जा सके। ज्ञापन देने वालों में लाड़ली सेना व स्वसहायता समूह की महिलाएं थी। जिनमें जानकी, ऊषा मालवीय, आशा मालवीय, महनाज, संगीता, रेवती, रामेती, लीलाबाई, ज्योति, लक्ष्मी, शीला, अनिता, फूलवती, राधा, ब्रजमनी, रेखा मालवीय, प्रीति, शोभा, अनिसा बी एवं अन्य महिलाएं थी।

## शादी समारोह में 4 लाख की चोरी

**नर्मदापुरम।** भोपाल रोड स्थित परमश्री मैरिज गार्डन में शादी समारोह में चोरी की वारदात सामने आई है। गार्डन में शादी करने आए ग्राम धुरपन के एक परिवार को चार लाख रूपए का नुकसान झेलना पड़ा। चोर ने चार लाख रूपए, चांदी की पायल, मोबाइल और रूपयों से भरा बैग चोरी कर ले गए। मैरिज गार्डन में सही सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे होने के कारण यह वारदात हुई। गार्डन में जो कैमरे लगे हैं वह अच्छी क्वालिटी के फूटेज नहीं दे पाए। देहात थाना पुलिस के अनुसार फरियादी मोती सिंह पिता पथरौटा है। उसने शादी समारोह के लिए गार्डन किराये पर लिया था। 21 जनवरी की शाम को कमरे में रूपए से भरा बैग चोरी हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। परमश्री गार्डन में शादी समारोह में चोरी की यह वारदात पहली नहीं है। पिछले दो तीन साल से एक दो चोरी की घटनाएं होती रहती है। थाना प्रभारी ने बताया कि सुरक्षा के इंतजाम सही नहीं है न ही कर्मचारियों का पुलिस बेरीफिकेशन है। सीसीटीवी फूटेज की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। मामले में गार्डन संचालक को नोटिस दिया जाएगा।

### पंकज चतुर्वेदी आज करेंगे युवाओं से संवाद



**नर्मदापुरम।** ख्यात चिंतक विचारक, मोटीवेशनल स्पीकर और भाजपा के प्रखर प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी आज नर्मदापुरम के प्रवास पर रहेंगे। चतुर्वेदी गुरूवार को दोपहर एक बजे समेरिटंस स्कूल में युवाओं के साथ प्रेरणा संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे और विद्यार्थियों को संबोधित कर मोटीवेशन प्रश्नोत्तरी में उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे। चतुर्वेदी सायं 6 .30 बजे नर्मदा के पावन तट सेठानी घाट पर मां नर्मदा की महाआरती में शामिल होंगे।

### आज मतदाता दिवस मनाया जाएगा

**नर्मदापुरम।** मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जायेगा। जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रात: 11 बजे आयोजित किया गया है। इसके साथ ही जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों और शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचन से संबंधित स्पर्धाओं में विजयी हुए प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा तथा भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश का प्रसारण किया जाएगा। मुख्य अतिथि युवा मतदाताओं को इपिक कार्ड का वितरण और कॉफी टेबल बुक का विमोचन करेंगे और राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता को शपथ दिलाई जाएगी।

## 5 किलो से बड़ा ट्यूमर निकाल कर डॉक्टरों ने महिला की जान बचाई

### नर्मदा अपना अस्पताल में 3 घंटे चला ऑपरेशन, महिला की हालत स्थिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा अपना अस्पताल नर्मदापुरम में नर्मदापुरम निवासी 70 वर्षीय महिला का 5 किलो 600 ग्राम का ट्यूमर निकालकर न केवल महिला के जीवन की रक्षा की गई बल्कि कई दिनों के दर्द से भी महिला को छुटकारा दिलाया। संस्था के मनोज सारन से बताया कि एक महिला जिसकी उम्र लगभग 70 वर्ष है कई दिनों से पेट की समस्या से पीड़ति थी तथा निदान के लिए नर्मदा अस्पताल के जनरल सर्जरी विभाग पहुंची थी जहां जनरल सर्जन डॉ गौतम बैनर्जी व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मीता बैनर्जी ने मरीज के कई परीक्षणों के बाद मरीज के ऑपरेशन के निर्णय किया। जहाँ डॉ गौतम बैनर्जी व डॉ मीता बैनर्जी ने डॉ राजेश शर्मा की उपस्थिति में निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ अनूप सक्सेना, ऑपरेशन थिएटर तकनीकी विभाग तौसीफ खान मोहन गोस्वामी,योगेश यादव, पीटर, राजेश रघुवंशी के साथ मिलकर यह जटिल ऑपरेशन किया।

यह सर्जरी लगभग 3 घंटे चली मरीज को 2 यूनिट रक्त भी लगाया गया। मरीज की हालत अब स्थिर है। समय आने पर मरीज को वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा।

**आपरेशन जटिल था**

यह अपने तरह बहुत ही जटिल ऑपरेशन था हमारे सर्जन्स की टीम ने अपने स्किल्स का बेस्ट उपयोग कर पीड़ित का इतना बड़ा ट्यूमर निकाला। महिला जल्द स्वस्थ होकर घर जाएंगी।

**डॉ राजेश शर्मा,** डायरेक्टर नर्मदा अपना अस्पताल, नर्मदापुरम

## स्टार ऑफ द मंथ और स्टूडेंट ऑफ द मंथ का पुरस्कार वितरण किया

### द चैम्प्स फन स्कूल में किया गया कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल के नवनिर्मित रामायण हॉल में विद्यार्थियों को स्टार ऑफ द मंथ एवं स्टूडेंट ऑफ़ द मंथ पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म, क्लासवर्क-होमवर्क, अटेंडेंस, रीडिंग, डाइटचार्ट, हैंडराइटिंग आदि श्रेणियों में बैज व प्रमाण पत्र दिए गए। शाला प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी, डायरेक्टर जूही चटर्जी, उप प्राचार्य नेहा द्विवेदी, कोऑर्डिनेटर रीना मालवी व एडमिन ऑफिसर विनीता जसलानी ने पुरस्कार वितरित किए। प्राचार्य ने सफल बच्चों को बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों के बारे में विस्तार से बताया और बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वह इन श्रेणियां में अगली बार जरूर पुरस्कार प्राप्त करें। उप प्राचार्य ने जो बच्चे इस श्रेणी में नहीं आए उनको प्रोत्साहित किया कि वह अपना उत्कर्ष प्रदर्शन देकर अगली बार सफल हों। वे इस कार्यक्रम की प्रभारी भी थीं। अंशुल खत्री ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर शाला की सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थिति व सहयोग प्रदान किया।

### पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम ने..

## इंडियन कॉफी हाउस का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला मुख्यालय स्थित महिला थाना के पास आज इंडियन काफी हाउस का उद्घाटन हुआ। पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली, माया नारोलिया काफी हाउस के चेयरमैन के के राजा गोपालन द्वारा आईसीएच का उद्घाटन फीताकाट कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय नाहतकर, डॉ मकसूद चिस्ती, काफी हाउस के सेक्रेटरी एम प्रकाशन, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, आरआई विजय शंकर दुबे के साथ नर्मदापुरम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### मुख्य समारोह में परिवहन और स्कूल शिक्षा मंत्री करेंगे झंडावंदन

# गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय समारोह की फाइनल रिहर्सल बुधवार को की गई। जिसमें मुख्य अतिथि बने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस मौके पर पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई, वहीं अतिथियों द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। रिहर्सल के दौरान हर्ष फायरिंग, मार्च पास्ट, परेड कमांडो से अतिथियों द्वारा परिचय प्राप्त किया गया एवं स्कूली बच्चों ने पीटी एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। सीईओ श्री रावत ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, एसडीओपी पराग सैनी, सीएमओ नवनीत पांडे, तहसीलदार देवशंकर धुर्वे, जिला कमांडेंट राजेश जैन, रक्षित निरीक्षक विजय शंकर दबे, सीईओ हेमंत सूत्रकार उपस्थित रहें।

#### परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2024 को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेगें। मुख्य समारोह में परेड, विभिन्न विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं के आधार पर झांकियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्र-गान की धुन बजाई जाएगी। गतवर्ष अनुसार स्कूली छात्रों के पुरस्कार तथा जिलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं, शासकीय कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्धारित प्रक्रिया का पालन पूर्ण करते हुए सम्मानित किया जाएगा।

#### मिनिट-टू-मिनिट कार्यक्रम

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह प्रात: 9 बजे से जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 9 बजे से 9:05 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान किया जाएगा। 9:05 से 9:20 बजे तक सलामी परेड एवं परेड का निरीक्षण होगा। 9:20 से 9:50 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी का संदेश वाचन किया जाएगा। इसके बाद परेड द्वारा मार्च पास्ट दल नायकों से परिचय एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी /लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान एवं मध्यप्रदेश गान होगा। सुबह 10:20 से 10:50 तक पीटी प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। 10:50 से 11:55 तक झांकियों का प्रदर्शन तथा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया जाएगा।

## शहर के सबसे प्रमुख चौक मीनाक्षी पर लगा जाम, डीआईजी की कार फंसी रही

### जेसीबी का आधा हिस्सा सड़क पर होने से यातायात रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर के सबसे प्रमुख चौक मीनाक्षी पर बुधवार दोपहर को लगभग आधा घंटे जाम स्थिति बनी रही, वाहन रैंगते नजर आए। जाम के दौरान ट्रैफिक पुलिस नदारत रही। इस दौरान जाम में नर्मदापुरम डीआईजी जेएस राजपूत भी फंस गए। डीआईजी गाड़ी से इटारसी की तरफ से आ रहे थे। कुछ देर बाद पहुंचे ट्रैफिक जवानों ने डीआईजी की गाड़ी निकलवाई। इस अव्यवस्थित यातायात को व्यवस्थित करने के लिए ट्रैफिक डीएसपी संतोष मिश्रा को यातायात को सुचारु करने के लिए कमान संभालनी पड़ी। मीनाक्षी चौक पर चौड़ीकरण के लिए दुकानों को हटाने काम जारी हैं। बुधवार दोपहर को जेसीबी से पक्की दुकान तोड़ने का कार्य चल रहा था। इस दौरान जेसीबी का आधा हिस्सा सड़क पर होने से यातायात बाधित होने लगा। इस कारण करीब आधे घंटे मीनाक्षी चौक पर जाम लगा रहा। मीनाक्षी चौराहे पर चारों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में डीआईजी, सरकारी वाहन, शव वाहन और पुलिस के भी वाहन फंस गए। कुछ देर बाद यातायात के जवान मौके पर पहुंचे। जाम खुलने का कार्य शुरू किया। डीएसपी संतोष मिश्रा ने बताया कि मीनाक्षी चौक पर लगे सीसीटीवी फूटेज देखे जिसमें जाम एक जेसीबी कारण लगा। दिन में यातायात अधिक होने से चौराहे पर यातायात का लोड अधिक होता है। हम जेसीबी चालक पर जुर्माना करेंगे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिलाध्यक्ष विजय भवन में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में सुबह 7.40 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर झंडा वंदन करेगें। इस गौरवशाली मौके पर भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों सहित समस्त गणमान्य नागरिकों से झंडा वंदन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### ठंड बढ़ने से फसलों को फायदा


**भौंरा।** अंचल में तीन दिन से लगातार बढ़ रही ठंड से किसानों के चेहरों पर खुशियां चमक रही हैं। इस वर्ष ब्लॉक में सर्वाधिक बोनी गेहूं की हुई है। इसके बाद चना, मटर, मसूर, सरसों, अलसी एवं गन्ना भी लगाया गया है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एस एल मर्सकोले ने बताया कि शाहपुर ब्लॉक में हर वर्ष खेती का रकबा बढ़ते ही जा रहा है। यहां के किसान अब आधुनिक तकनीकी से खेती कर रहे है। कृषि विभाग द्वारा भी समय समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर किसानो को उन्नत खेती करने की सलाह दी जाती हैं। अभी रात में लगातार ठंड बढ़ने से फल एवं फूल पर आ गई फसल को काफी अधिक फायदा होगा। इस वर्ष ब्लाक में 18500 हेक्टेयर में गेंहू, 6800 हेक्टेयर में चना, 150 हेक्टेयर में मटर, 50 हेक्टेयर में मसूर, 5 हेक्टेयर में अलसी एवं 120 हेक्टेयर में गन्ना लगाया गया है. फ़सल के लिए अनुकूल मौसम होने से सभी फ़सल खेतों में लहलहा रही है. मगरडोह के किसान रामु मालवीय एवं लकी मालवीय ने बताया कि तीन दिन से मौसम में आए बदलाव की वजह से ठंड बढ़ गई है। जिसकी वजह से खेतो में लगी फ़सल गेंहू , चना सहित सभी फसलो को फायदा होगा।

### गणतंत्र दिवस को लेकर परेड प्रदर्शनी

**सारनी।** गणतंत्र दिवस को अब केवल एक दिन शेष रहे हैं ऐसी स्थिति को देखते हुए गणतंत्र दिवस की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। सारनी के रामरख्यानी स्टेडियम में परेड कमांडर सदाशिव चढोकर के तत्वाधान में 15 स्कूलों की सलामी एवं परेड में भाग लेने के लिए अभ्यास करने का कार्य किया गया। बुधवार को शासकीय महाविद्यालय बगडोना,इंदिरा गांधी महाविद्यालय बगडोना, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विभाग से शासकीय बालक उचित्तर माध्यमिक विद्यालय सारनी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी, सेंट फ्रांस हाई सेकेंडरी स्कूल सारनी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाठाखेड़ा, शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय सारनी,आदर्श गायत्री विद्यापीठ सारनी, सरस्वती विद्यापीठ सारनी,नव चेतना विद्यालय पाठाखेड़ा,सेंट फ्रांसिस स्कूल सारनी, शासकीय आदिम जातिम कल्याण माध्यमिक शाला पाठाखेड़ा,शासकीय बालक माध्यमिक शाला सारनी,परेड ग्राउंड में उपस्थित होकर गणतंत्र दिवस में लेने वाले सलामी और कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास करने का कार्य किया गया। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के माध्यम से गणतंत्र दिवस के अवसर पर यहां पर बड़ा कार्य कार्यक्रम किया जाता है।

## रेत के अवैध कारोबार पर जिम्मेदारों को खबर तक नहीं

# लोनिया खदान से बड़े पैमाने पर चल रहा है रेत का अवैध कारोबार!







हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

जिले की 47 खदानों की नीलामी 28 करोड रुपए में होने के बाद भी छिंदवाड़ा जिले के रेत ठेकेदार के माध्यम से गिनती के लाभ देने वाले रेत की खदानों का पैसा जमा करके वहां पर चांदी काटने का काम कर रहे हैं। लेकिन जिन-जिन स्थानों को खनिज विभाग के माध्यम से रेत की खदान घोषित की गई है और जिन रेत की खदानों में रेत नहीं है वहां पर अवैध तरीके से रेत ठेकेदार के माध्यम से वन क्षेत्र के नदियों से रेत दोहन करने का कार्य किया जा रहा है। अवैध दोहन परिवहन को लेकर श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अब्दुल रहमान खान के माध्यम से जिला कलक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, सीसीएफ, माइनिंग विभाग को ज्ञापन देकर अवैध कारोबार में संलग्न एवं मौन स्वीकृति देने वाले कर्मचारियों अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई थी उसके बाद भी बेखबर होकर वन भूमि से अवैध तरीके से रेता चोरी का कारोबार संचालित हो रहा है और इस रेता चोरी के अवैध कारोबार में माइनिंग, वन विभाग और स्थान प्रशासन के मिली भगत के आरोप भी लग रहे हैं। जानकारों का कहना है कि लोनिया खदान से रेत ठेकेदार 15 सौ के टोकन पर अवैध रूप से खुलेआम ट्रैक्टर ट्रॉली रेत की ढुलाई कर रहे है। लोनिया अधिकृत खदान में रेत नहीं होने की वजह से वन भूमि एवं आदिवासी के खेत से रेत का उत्खनन किया जा रहा है।

बताया जाता है कि जिले भर की सभी रेत की खदानों का ठेका लेने वाली शिवा कंपनी ने लोनिया खदान की रायल्टी आजतक नहीं ली है। माइनिग एवं पुलिस विभाग की मिलिभगत से रोजाना केवल टोकन के आधार ट्रैक्टर ट्रॉलीयां जय स्तंभ चौराहे से चल रहे है। इतना ही नही मंगलवार को आमला पुलिस ने तीन ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा था। जांच के दौरान चोपना क्षेत्र की गांधीग्राम की रॉयल्टी मिली थी। लेकिन माइनिंग विभाग में तीनों ट्रैक्टरों को छुड़वा दिया था। रेत ठेकेदार ने अवैध रूप से जांच नाके लगा कर टोकन के नाम पर अवैध वसूली का कारोबार चला रहे है। बताया जाता है कि जिले की रेत खदानों का नया ठेका छिंदवाड़ा की कंपनी को 28 करोड़ में लिया है। रेत ठेकेदार ने जिले की 47 खदानों में से केवल 4 से 5 खदानों का पैसा जमा किया है। बाकी खदानों का पैसा जमा नहीं करके शासन को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा है। बताया जाता है कि रेत ठेकेदार ने लोनिया रेत खदान से सैकड़ों वाहन रेत का अवैध उत्खनन करके लाखों रुपए कमाई की है। रेत ठेकेदार के गुर्गे आज भी रेत जांच नाके की आड़ में अवैध वसूली कर रहे है। लोगो का कहना कि खनिज विभाग ने लोनिया नदी के अवैध उत्खनन पर चुप्पी साध कर रेत ठेकेदार को अच्छा खासा फायदा पहुंचाया जा रहा है।

## नपा परिषद के माध्यम से लगाई घटिया लाइट

# दो साल की गारंटी और चार दिन में ही बंद हुई बगडोना की एलईडी लाइट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से महावीर स्वामी वार्ड क्रमांक 36 के बिजली के खाबो पर एलईडी लाइट लगाने का कार्य किया है।जो लाइट लगाए गए हैं इसका बाजार मूल्य 1268 रुपये बताया जा रहा है।जबकि नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से लगवाई के साथ खाबो पर टांगने की एवाज में एक एलईडी लाइट का तीन हजार आठ सौ पाचस रुपये का भुगतान संबंधित व्यापारिक को किया जन चर्चा मे बना हुआ है। हालांकि यह काम भारतीय जनता पार्टी के एक नेता को ऑफ लाइन में दिया जाना बताया जा रहा है।

अब सवाल यह उठता है कि नगर पालिका परिषद सारनी के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा केवल दो ही नेताओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करने का बीड़ा परिषद ने क्यों उठाया है।जबकि लाइट जब 1268 रुपए की है तो 3850 रुपये का भुगतान संबंधित ठेकेदार को ऑफलाइन में क्यों दिया जाना चाहिए जन चर्चा का बाजार तो यहां तक है कि इस एलईडी लाइट के भुगतान के लिए ऑफलाइन की 90-90 हजार की पांच फाइलों को तैयार करके इस ठेकेदार को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।सूत्रों का कहना कि इस एलइडी का संबंधित व्यापारी के माध्यम से 2 वर्ष की गारंटी दी गई है उसके बाद 4 दिन में ही छतरपुर चौक से लेकर घोड़ा डूंगरी जाने वाले मार्ग के सभी खंबे पर लगे एलईडी लाइट बंद हो गए जब नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से सभी कामों को ऑनलाइन निकल गया तो इस काम को 3 लाख 50 हजार से अधिक का होने की वजह से ऑफलाइन में क्यों दिया गया यह सवाल पार्षदों के माध्यम से उठाया जा रहा है जिसके जवाब देने में नगर पालिका परिषद सारनी के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी तैयार नहीं है।

## श्रीलीला देव बाबा मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

# पूर्णाहुति में उमड़ा जनसैलाब, भंडारे में 10 हजार श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

**बैतूल।** श्री लीला देव बाबा मंदिर विनोबा नगर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होने के बाद बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें देर रात तक श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह हवन पूजन किया गया। इसके बाद साधु संतों व कन्याओं को भोज कराया गया। दोपहर बाद शुरू हुए भंडारे में नगर के हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



गौरतलब है कि अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के शिलान्यास के ऐतिहासिक दिन बैतूल में भी श्री लीला देव बाबा मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई थी। अयोध्या के राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन ही उसी मुहूर्त में लीला देव बाबा मंदिर की भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन के लिए क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी तन्मयता के साथ में लगे हुए थे और मंदिर निर्माण की तैयारी से लेकर समारोह की तैयारी में जुटे हुए थे, जिसको लेकर महिलाओं में भी खासा उत्साह देखा गया। इस मंदिर में 9 प्रतिमाएं 22 जनवरी को स्थापित की गई। 18 जनवरी से लेकर 24 जनवरी तक लीला देव बाबा मंदिर में विभिन्न आयोजन किए गए। मंदिर में भगवान राम सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त में की गई।

### व्यापारियों ने हाई मार्क्स पेविंग ब्लॉक लगाने सौंपा नपा अधिकारी को ज्ञापन

**सारनी।** वार्ड क्रमांक 4 में स्थित न्यू शॉपिंग सेंटर के व्यापारियों के माध्यम से पिछले छः वर्षों से न्यू शॉपिंग सेंटर में पेइंग ब्लॉक और हाई मार्क्स लाइट लगाए जाने की मांग की जा रही है। लेकिन नपा परिषद सारनी के माध्यम से व्यापारियों की मांगों को दरकिनार किया जा रहा है। ऐसी स्थिति को देखते हुए एक बार फिर मुख्य नपा अधिकारी के नाम हाई मार्क्स सुंदरीकरण एवं पेविंग ब्लॉक लगाए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपने का कार्य किया है। व्यापारी अजय रघुवंशी, लक्ष्मण सिंह चौहान, बबलू चौहान,पी एस सैनी ने बताया कि करोड़ों रुपए की नपा परिषद सारनी है और न्यू शॉपिंग सेंटर के सौंदरीकरण को लेकर इनका कोई विशेष ध्यान नहीं जा रहा है, उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद सारनी को वर्ष 2018 से लगातार ज्ञापन शौपकर न्यू शॉपिंग सेंटर में पेविंग ब्लॉक, हाई मार्क्स लगाने के अलावा पार्क के सौंदरीकरण की मांग की जा रही है। लेकिन नपा परिषद सारनी की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। व्यापारियों के माध्यम से बोलकर नपा परिषद सारनी में पानी की टंकी तो लगा दी गई है लेकिन इस पानी की टंकी में नपा परिषद सारणी के माध्यम से पीने के पानी की व्यवस्था नहीं की जाती है, जिससे व्यापारियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# अतिक्रमण को हटाने दूसरे दिन भी हुई कार्रवाई

## रेल्वे की जमीन पर काब्जाधारियों को आज 10 बजे तक की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

नगर में काबिज अतिक्रमणकारी पर प्रशासन के द्वारा लगातार कार्यवाई की जा रही हैं। अतिक्रमण के विरुद्ध चल रही जबरदस्त करवाई से लोग खुद हि अपना डेरा उठा रहे हैं। दिन मंगलवार को बोड़खी के क्षेत्र में करवाई की गई,जिसमे घरों के सामने पक्के कांक्रेट को जेसीबी से तोड़ा गया।

ससाबड़ के पास स्थित लॉक डाउन ढाबे के सामने का हिस्सा भी प्रशासन के द्वारा हटाया गया जो की अतिक्रमण की हद में बनाया गया था।जिसके बाद अमला मटन मार्केट पहुँचा और वह भी पक्के -कच्चे अतिक्रमण पर ताबड़तोड़ कार्यवाई कर अतिक्रमण का सफाया किया जा रहा हैं। कार्यवाई से लोगो के जो अतिक्रमण थे उन्होंने आज सुबह 10 बजे तक की मोहलत देने का आग्रह किया गया है। गौरतलब है कि रेलवे पटरी से सटके दोनों ओर लोगो ने गुमटियां जमा रखी हैं। रेलवे की जमीन पर लोगो ने अपने मकान भी बना रखे हैं।लोगो को अपने घर खाली करने की बात भी कही गई हैं। जिसके बाद प्रशासन ने भी आज दिए गए समय के पूर्व अतिक्रमण स्वयं हटाने का कहा है। अगर अतिक्रमण के द्वारा नही हटाया जाता है तो प्रशासन सख्ती से हटाने की कार्यवाई करेगा। एयरफोर्स, रेल्वे, राजस्व, नगर पालिका ,पुलिस के अधिकारी के द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम से सड़क किनारे फैले अतिक्रमण से मुक्त करवाया जा रहा हैं।



# रामलला की स्थापना के साथ ही यह रामराज्य का प्रारंभ :हेमंत खंडेलवाल

## राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने की महाआरती, लगाए छप्पन भोग

**बैतूल।** अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गेंदा चौक सदर में राष्ट्रीय हिन्दू सेना द्वारा भगवान श्री राम जी महाआरती, पूजन, छप्पन भोग और प्रसादी वितरण किया गया।



कार्यक्रम में विशेष रूप से बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला,भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता मालवी मौजूद थी। इस मौके हेमंत खंडेवाल ने कहा कि यह अभूतपूर्व दिन है और इसे दिपावली की तरह बनाकर यादगार बना दिया गया। उन्होने कहा कि रामलला की स्थापना के साथ ही यह रामराज्य का प्रारंभ है। संगठन के प्रांत सुरक्षा प्रमुख कमलेश खड़िया और प्रांत उपाध्यक्ष राजा बारस्कर ने बताया कि पूजन पंडित शुभम महाराज के द्वारा करवाया गया और भगवान श्री राम जी को छपन भोग लगाया गया भगवान की बाल रूप की मूर्ति का पूजन हजारों रामभक्तों ने किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय और प्रदेश संयोजक पवन मालवीय ने बताया कि गेंदा चौक पर रामलला की मनमोहक मूर्ति को देखकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

### यह थे मौजूद

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संगठन के प्रांत प्रवक्ता अखिलेश वाघमारे, प्रांत सचिव बंटी सरियाम, विभाग अध्यक्ष दीपक कोसे, युवा विभाग अध्यक्ष मनीष मालवीय, विभाग समन्वय प्रमुख अमन साहू, प्रखंड अध्यक्ष संदीप मालवीय, प्रखंड अध्यक्ष स्वप्निल पवार, प्रखंड अध्यक्ष भवानी सरले, प्रखंड संयोजक अरविंद मालवीय, राजू कारे, विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री महेंद्र साहू, समाजसेवी गौरव बंटी राठौर, वैभव डैनी राठौर, भाजपा नेता राजा सूर्यवंशी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

# जयंती पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

शहर के प्रसिद्व बीआर अम्बेडकर महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बीआर अम्बेडकर महाविद्यालय के संचालक इंजीनियर ध्रुवप्रकाश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की श्रेणी में अग्रणी थे। तुम मुझे खून दो-मैं तुम्हें आजादी दूंगा-के नारे के साथ दिल्ली की ओर उन्होंने कूच किया था। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता श्री वर्मा सर ने कहा कि नेताजी आई.सी.ए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रथम भारत के प्रथम व्यक्ति थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्राओ ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. गावडे ने किया और उन्होंने नेताजी का जीवन परिचय और वृतांत बताया। तथा कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया।

## बच्चों ने वन्य जीवों के महत्व को जाना

# बच्चों ने लगाई जंगल क्लास कार्यक्रम में मिला प्रकृति का ज्ञान

**बैतूल।** स्कूली बच्चों में वन तथा वन्यप्राणियों के महत्व एवं संरक्षण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से बुधवार को वन विभाग ने परिक्षेत्र सवलमेंढा अंतर्गत आने वाले नारायण पब्लिक स्कूल के बच्चों को जंगल का भ्रमण कराया।



एसडीओ देवेंद्र पांडे, सावलमेंढा वन परिक्षेत्र अधिकारी मानसिंग परते ने बताया कि मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल के निर्देश अनुसार परिक्षेत्र के डोलारपाटी में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को वन्यजीवों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वन कर्मियों के द्वारा छात्र-छात्राओं को जंगल, जंगली जीव एवं पर्यावरण के प्रति आवश्यक जानकारी दी जाती है। अनुभूति कार्यक्रम में बच्चों ने चंदेलकर सर से सवाल पूछे और वन से जुड़ी जानकारी हासिल की। वन परिक्षेत्र अधिकारी मानसिंग परते ने छात्र छात्राओं को ना केवल वन्य जीवन के विषय में जानकारी प्रदान की अपितु उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराया एवं संकल्प दिलाया कि वह पर्यावरण एवं वन्य जीवों के संरक्षण में अपना योगदान अवश्य करेंगे।

# बैतूल नगर पालिका सीएम हेल्पलाइन में प्रदेश में पांचवीं बार आई अव्वल

## पीओ डूडा के नेतृत्व में चार अन्य निकाय भी टॉप-10 सूची में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



बैतूल नगरपालिका सीएम हेल्पलाइन में एक बार फिर पूरे प्रदेश में अव्वल आई है। इसके तहत जिले के तीन निकाय भी प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान पाने में कामयाब हुए है। इस बार जारी हुई सूची में बैतूल नगरपालिका ने 100 प्रतिशत अंक हासिल कर ना सिर्फ ए ग्रेड हासिल किया, बल्कि बड़े निकायों को पीछे छोड़ दिया है। बैतूल नगरपालिका के सीएमओ और शहरी परियोजना के प्रभारी ओमपाल सिंह भदौरिया के कार्यभार ग्रहण करने के पांच माह के भीतर ही निकाय क्षेत्रों में बेहतर काम हो रहे है। टीम वर्क का ही नतीजा है कि पिछले लगातार चार माह में बैतूल नगरपालिका सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में अव्वल बनी हुई है। इस बार भी सोमवार शाम को दिसम्बर माह के घोषित परिणामों में बैतूल नगरपालिका सीएमओ भदौरिया के नेतृत्व में सिरमौर बन गया है। बैतूल नगरपालिका गत माह सीएम हेल्पलाइन में 122 शिकायतें मिली थी। इन शिकायतों का निराकरण कर नगरपालिका ने ए रेटिंग हासिल करने के साथ कुल 100 वेटेज स्कोर प्राप्त किया है। बैतूल के अलावा शहरी परियोजना अधिकारी भदौरिया के नेतृत्व में जिले की आमला नगरपालिका, भैंसदेही और आठनेर नगरपरिषद ने भी 100 वेटेज अंकों के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। उक्त सभी निकाय प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान पाने में सफल हुए है। हालांकि शाहपुर नगर परिषद दिसम्बर माह के परिणामों में ए ग्रेड हासिल करते हुए 46.47 वेटेज अंक प्राप्त कर पाई है।

## मंदिरों के विभिन्न प्रकार के पौधों का किया रोपण, दक्षिण वन मंडल ने की पहल

# वन परिक्षेत्रों के 8 ग्रामों में लगाए 37 सोलर स्ट्रीट लाइट

**बैतूल।** दक्षिण मनमंडल द्वारा वन परिक्षेत्रों के 8 ग्रामों में विशेष अभियान चलाते हुए 37 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए गए है। वहीं इन क्षेत्रों के मंदिरों के आसपास विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। वन विभाग द्वारा की गई इस पहल से एक ओर जहां 8 ग्राम दूधिया रोशनी से रोशन हुए हैं, वहीं धार्मिक स्थलों की भी सुंदरता बढ़ गई है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर डीएफओ विजयानन्तम टीआर. के मार्गदर्शन में दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल अंतर्गत परिक्षेत्र अधिकारियों द्वारा वनमंडल के विभिन्न परिक्षेत्रों के 8 ग्रामों में 37 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई। ग्रामवासियों के साथ मिलकर गांव में स्थित विभिन्न मंदिरों के पास तुलसी, बेल, आम, जाम और विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा की शपथ भी ली गई।

गावं में सोलर स्ट्रीट लाईट लगने पर ग्रामवासियों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की एवं वन विभाग के प्रति आभार प्रकट किया। परिक्षेत्र अधिकारियों द्वारा ग्रामवासियों के साथ सोलर स्ट्रीट लाईट का शुभारंभ किया गया।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद आमला जिला - बैतूल (म.प्र.)

E-mail ID : cmoamla@mpurban.gov.in — Office Ph. No-07147-285752

क्रमांक/लो.नि.शा./ई-निविदा/2024/65 — आमला, दिनांक-23.01.2024

### // ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD-326489 Dt: 23.01.2024 | Construction work of BT road strengthening near Ramil road to toward Kamli trenching ground pahuch marg aat NPP Amla-under KAYAKALP 2.0. | 1. 04 Month 2. Rs. 49,60,455/- | 1. Rs. 5,000/- 2. Rs. 37,500/- | Dt:15-02-2024 Time:17:30 pm |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाईट पर ही किया जावेंगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। उक्त निविदा सूचना निकाय की वेबसाईट http://npamla.com/ पर भी देखी जा सकती है।

(श्री नितिन गाडरे) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आमला

(श्री किशोर माथनकर) उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद आमला

(नीरज श्रीवास्तव) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद आमला

### 20 साल से किराए की दुकान में अपना छोटा-मोटा कारोबार करते हैं दुकानदार

# छोटे दुकानदारों ने लागत मूल्य पर दुकान प्रदान करने ग्रामसभा में दिया ज्ञापन

**सेमरीहरचंद में छोटे दुकानदारों ने लागत मूल्य पर दुकान प्रदान करने के लिए दुकानदारों ने ग्रामसभा में दिया ज्ञापन।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

नगर के लघु व्यवसाय जो किराए की दुकान लेकर अपने छोटे-छोटे व्यवसाय कर रहे हैं। इनमें दर्जी, बैग, सिलाई कारीगर, ठेला, रेडी लगाकर फल सब्जी बेचने वाले छोटे दुकानदार एवं ऐसे दुकानदार जिनके पास अधिक मूल्य पर दुकान खरीदने के लिए पूंजी नहीं है। आज ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद में ग्राम सभा में जाकर इन दुकानदारों ने सरपंच सचिव के नाम एक आवेदन लिखा जिसमें ग्राम पंचायत द्वारा लागत मूल्य पर दुकान निर्माण कर प्रदान करने हेतु निवेदन किया गया है इस संबंध में स्कूल बैग बनाने वाले कारीगर चंद्रकांत गढ़वाल से पूछने पर उन्होंने बताया कि हम 20 साल से किराए की दुकान में अपना छोटा-मोटा कारोबार करते हैं।

जिसे किराए की दुकान ली हैं वह दुकान मालिक हर दो-तीन साल में किराए में बढ़ोतरी कर देते हैं एवं बाजार में उपलब्ध दुकानों में पगड़ी अथवा अधिक पैसा देकर दुकान लेने की हमारी क्षमता नहीं है इसलिए हमने पूर्व में भी 18 अक्टूबर 2023 को ग्राम पंचायत के सरपंच को इसी आशा को लेकर आवेदन दिया था एवं आज हम लगभग 20 लघु उद्योग करने वाले छोटे दुकानदारों ने ग्राम सभा में पहुंचकर ग्राम पंचायत से लागत मूल्य पर दुकान प्रदान करने हेतु आवेदन किया है।

आवेदन के माध्यम से स्थानीय प्रशासन से निवेदन है कि हमें लागत मूल्य पर दुकान निर्माण कर प्रदान करे जिससे हम छोटे दुकानदार कम कीमत पर मिली अपनी निजी दुकान में अपना व्यवसाय कर सके और अपने परिवार का पालन पोषण करने में सक्षम हो सके।

# बलात्कार के आरोपी को किया गया सश्रम आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अनुसूचित जाति की महिला से उसकी इच्छा एवं सहमति के बिना दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा एवं 5000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। विशेष न्यायाधीश हितेन्द्र कुमार मिश्रा के न्यायालय में निर्णय पारित किया गया है। आरोपी नीरज मेवाड़ा और सुमेरचंद मेवाड़ा निवासी ग्राम रायपुरा, थाना मंडी, जिला सीहोर को 376(2) (एन) आईपीसी 3 (1) (2) (11) & 3 (2) (1) एससीएसटी एक्त 1989 के तहत आजीवन कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर 3 माह के अतिरिक्त सजा भोगना होगा। इसमें सश्रम कारावास भुगताए जाने के आदेश दिए गए। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक विशेष न्यायालय (एट्रोसिटीज) सत्येन्द्र सिंह पटेल ने की है। प्रकरण अनुसार महिला ने 2021 में रिपोर्ट थाना इटारसी मे दर्ज करायी कि आरोपी पहले उसके पड़ोस में ही किराये से रहता था और इकोम एक्सप्रेस रैसलपुर में प्रायवेट नौकरी करता था। उसी दौरान महिला की दोस्ती आरोपी से हो गई। आरोपी नीरज महिला को बहुत अच्छे से जानता है। नीरज ने महिला से कहा कि वह उसे पसंद करता है, उससे शादी करना चाहता है।

06 जनवरी 2019 को महिला का जन्मदिन था, तब नीरज ने उसको ऑफिस इकोम एक्सप्रेस रैसलपुर लेकर गया और वहां उसके साथ उसकी मर्जी के बिना दुष्कर्म किया और फिर लगातार उसके साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। आखिरी बार 07 अगस्त 2020 को दोपहर करीब 01 बजे आरोपी नीरज उसे इकोम एक्सप्रेस रैसलपुर लेकर गया और उसके साथ बलात्कार किया। उस दिन अनियोक्त्री ने आरोपी से पूछा कि वह उससे शादी कब करेगा तो आरोपी ने उससे शादी करने से मना कर दिया। महिला ने यह बात अपने घर में बताई तो उसके पिता ने आरोपी के घर पर बात की, तब मालूम हुआ कि आरोपी पहले से ही शादीशुदा है। इसके बाद आरोपी इटारसी छोड़कर चला गया था और उसने अपना मोबाईल फोन बंद कर रखा था। प्रकरण में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक सत्येन्द्र सिंह पटैल ने 11 साक्षियों के कथन कराए, प्रस्तुत की गई साक्ष्य के आधार पर विशेष न्यायालय अंतर्गत धारा 14(1) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 नर्मदापुरम विशेष न्यायाधीश हितेन्द्र कुमार मिश्रा के न्यायालय में निर्णय पारित किया जिसमें अभियुक्त नीरज मेवाड़ा आत्मज सुमेरचंद मेवाड़ा निवासी ग्राम रायपुरा थाना मंडल, जिला सीहोर को सश्रम आजीवन कारावास एवं पांच हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया। अथदंड की राशि अदा होने पर आरोपी को तीन माह का सश्रम कारावास अतिरिक्त भुगताये जाने के आदेश दिए गए।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर किया गया विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी इटारसी में आर्चरी, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईएएस एसडीएम टी प्रतीक राव ने धनुष से तीर चलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि एसडीएम ने कहा की बालिका हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और उच्च मुकाम हासिल कर रहे हैं तीरंदाजी की छात्राओं को हर संभव सहायता करने की बात कह कर अपनी उद्बोधन को विराम किया। निर्णायक के रूप में अश्वनी मालवीय, पूनम मौर्या, मीना गाठले, शरद दीक्षित के साथ ही रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के निर्णायक अर्चना बस्तवार एवं राखी मौर्य रहे।

कार्यक्रम की प्रभारी दीप्ति शुक्ला प्रभारी परियोजना अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस के राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के अंतर्गत आज तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी इटारसी में कराया गया, जिसमें तीरंदाजी, रंगोली एवं चित्रकला की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता उपरांत विजेता छात्र-छात्राओं को एवं मेघावी छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार किया गया।

# आज मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा और भागवत कथा का आयोजन

## संत रावतपुरा सरकार होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी



बनखेड़ी के समीप ग्राम पलिया पिपरिया में पलिया परिवार द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण किया गया है। राधा कृष्ण मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा श्रीमद् भागवत कथा एवं रासलीला का कार्यक्रम आज से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर श्री रविशंकर महाराज संत रावतपुरा सरकार के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा एवं समस्त कार्यक्रम संपन्न होंगे। श्री राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 25 जनवरी से 31 जनवरी तक भागवत कथा, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होंगे, श्रीमद् भागवत कथा 25 जनवरी से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 तक रासलीला प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक की जाएगी। 31 जनवरी को पूर्णाहुति एवं भंडारा आयोजित होगा।

# अवैध रेत परिवहन बेखौफ जारी, प्रशासन असहाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



नगर में अवैध परिवहन जारी है रेत माफिया के हौसले इतने बुलंद है की रेत की ट्राली फस जाने पर किराए का ट्रैक्टर बुलाकर टोचन से ट्राली को खिंचवाया जाता है मुख्य सड़क पर घंटे जाम लगा रहता है और मजे की बात तो यह है कि पुलिस चौकी के आसपास ही इस तरह की घटनाएं होते रहती हैं एवं अवैध रेत परिवहन में लिप्त रेत माफिया के ट्रैक्टर ट्राली चालक चाहे ग्रामीण क्षेत्र की सड़क हो अथवा स्टेट हाईवे इतनी तेज गति से वाहन चलाते हैं कि मोटरसाइकिल और कर वाले भी गति में उनसे पीछे रह जाते हैं इस सभी कृत्य में पुलिस और प्रशासन राजनीतिक दबाव के चलते उनके ऊपर किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने से असहाय नजर आ रहे हैं समझ में नहीं आता पता नहीं कब प्रशासन एवं शासन द्वारा इन अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करने वाले रेत माफियाओं पर कार्रवाई करेंगे।

## शतरंज में सौरभ और बैडमिंटन में विशाल जीते



**माखननगर।** शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन शतरंज, एथलेटिक्स, बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस पर वरिष्ठ प्रोफेसर आरके चौकीकर एवं डॉ आईएस कनेश ने एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। द्वितीय दिवस की प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार पटवा व पंकज बैरवा के द्वारा की गई। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के तीसरे एवं अंतिम दिवस क्रिकेट का फाइनल मैच व स्टाफ के बीच प्रतियोगिताएं खेली जाएगी।

# सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर में सीएम राइज स्कूल में सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य संजीव दुबे ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत माता कं सपूत सुभाष का जीवन भारत के प्रत्येक व्यक्ति के लिए आनंद प्रेरणादायक है। इस दौरान शिक्षक सुजान सिंह, पूर्व संस्था प्रचार एसएल रघुवंशी, बीआरसी प्रदीप शर्मा, अल्पना श्रीवास्तव, पीएन दुबे सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। वहीं कतिया समाज द्वारा अपने सामाजिक भवन में सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी के द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संध्या सिंघारे, कमलेश रामवंशी, ओमप्रकाश, मनोज नगोत्र, गोविंद नागवंशी, कमल, बीपी जावरे, अमित जावरे सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# खाटू श्याम के सुंदर भजनों पर देर रात तक झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



शोभापुर नगर में पहली बार हुए खाटू श्याम की भजन संध्या ने नगर एवं क्षेत्र की धनर्मपरायण जनता जनार्दन को झूमने पर मजबूर कर दिया। अत्यधिक ठंड होने के वावजूद भजन गायकों ने देर रात श्रोताओं को अपना स्थान छोड़ने नहीं दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान गणेश एवम श्री राम हनुमान जी की पूजन के पश्चात खाटू श्याम की आराधना की गई। श्री श्याम का हवन कर श्री श्याम को आमन्त्रित किया गया। इसके बाद मंच पर करेली से पधारी याशी चौरसिया का श्री राम के दुपट्टे और श्री फल से स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होने खाटू श्याम के शानदार भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके बाद शाहपुर से आईं तिवारी बहनों गुनगुन तिवारी एवं गुंजन तिवारी ने भी अपने भजनों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विदिशा के सोमू विश्वकर्मा ने भी समा बांध दिया। इस दौरान पुलिस विभाग एवं बिजली विभाग की व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहीं। कार्यक्रम का पूरा प्रसारण यू ट्यूब चैनल आर एस गैलरी पर लाइव बताया गया। समापन पर आरती के पश्चात प्रसादी वितरित की गई। अंत में खाटू श्याम परिवार शोभापुर की तरफ से सभी का आभार जताया गया।

# छात्राओं ने किया मछली पालन पावरखेड़ा का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेशानुसार प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा के निर्देशन पर एवं प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. संजय आर्य के मार्गदर्शन में बीएससी, बीकॉम, बीए की छात्राओं ने पाठ्यक्रम अनुसार म.प्र. मत्स्य महासंघ (सह.) मर्या. मत्स्य बीज प्रक्षेत्र, पवारखेड़ा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक कविता इवने ने मछली संवर्धन एवं एक्वाफोनिक्स तकनीक, मत्स्य बीज संबंधी जानकारी-जैसे प्रजनकों की छटाई, इंजेक्शन लगाना, मछली के अंडों व स्पान संबंधी जानकारी, फ्राई का अवलोकन करना, मत्स्य बीज संवर्धन तथा नर्सरी, रियरिंग, बुडर्स तथा हेचरी का संचालन, पोखर के प्रकार, प्राकृतिक एवं कृत्रिम ब्रीडिंग की समस्त जानकारी छात्राओं को प्रदान की गई। साथ ही बताया कि विदेशी मछली पंगेसियस का भी यहा संवर्धन किया जा रहा है। डॉ. संजय ने मत्स्य पालन से संबंधित शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार से मत्स्य पालन करने के लिए शासकीय योजना का लाभ लेकर अनुदान प्राप्त कर अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं। छात्राओं द्वारा पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु वृक्षारोपण भी किया गया।

# कारसेवकों को उनके घर पहुंचकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया से अयोध्या भगवान रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के लिए गए लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें सभी को भगवान श्री राम के चित्र, श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, संपत मूंदड़ा, अरुण जोशी, दिनेश पटेल, शाहिद आदि को सम्मानित किया गया।

इस दौरान पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल ने कहा कि आज 500 वर्षों के बाद हम सबको ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हम इस कलयुग में नहीं त्रेता युग में है। भारत का स्वर्णिम समय प्रारंभ हो गया है इस देश के गौरवशाली इतिहास में 22 जनवरी अंकित की गई है कार सेवकों का सम्मान बहुत ही श्रेष्ठ कार्य है। सम्मान आईटी हुए लोगों में मुख्य रूप से शामिल रहे नारायण गंगेले जितेंद्र मिश्रा सांडिया भानु विश्वकर्मा हथवास द्वारका प्रसाद खंडेलवाल ज्ञान सिंह ठाकुर सहित अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया।

## बालिका दिवस सप्ताह मनाया

**माखननगर।** बुधवार को परियोजना माखन नगर में राष्ट्रीय बालिका दिवस का कार्यक्रम किया गया। 19 से 24 जनवरी तक राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के रूप में मनाया जाना था। बालिकाओं के अच्छे स्वास्थ्य शिक्षा लिंगानुपात के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर चित्रकला करवाई गई। प्रथम द्वितीय तृतीय विजेताओं को पारितोषिक दिया गया कार्यक्रम में सेक्टर बाबई नगरीय की कार्यकर्ता किशोरी बालिकाएं उपस्थित हुई पर्यवेक्षक विनीता मालवीय सेक्टर पर्यवेक्षक प्रीति वर्मा व बीसी संदीप विश्वकर्मा उपस्थित रहे।




## मैरिज गार्डन से अज्ञात ने नकदी जेवर सहित चार लाख का माल उड़ाया

**इटारसी।** नगर के समीप पथरोटा निवासी एक व्यक्ति को एक शादी समारोह में चार लाख की चपत लगी है। नर्मदापुरम स्थित परमशी गार्डन में आयोजित विवाह समारोह में उनके मोबाइल, जेवर और नगदी सहित चार लाख का माल अज्ञात ने चुरा लिया है। देहात थाना में इसकी शिकायत दर्ज करायी गयी है। ग्राम पथरोटा के मोतीसिंह पिता बलवीर सिंह राजपूत 40 वर्ष ने देहात थाना नर्मदापुरम में शिकायत दर्ज करायी है कि परमश्री गार्डन में 21 जनवरी की शाम करीब 5 बजे यह घटना हुई है। अज्ञात ने विवाह समारोह से उनका एक मोबाइल, 1 जोड़ी चांदी की पायल और नगदी सहित 4 लाख रुपए चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# कारसेवकों का सम्मान कर किया गया अखंड हनुमान चालीसा पाठ का मंगलमय समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्री अयोध्या धाम में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर सृष्टि ग्रुप द्वारा द्वारिकाधीश मंदिर में आयोजित अखंड हनुमान चालीसा पाठ का लगभग 48 घंटे बाद भगवान श्रीराम जी के पूजन एवं श्रीराम मंदिर के लिए कार सेवा प्रदान करने वाले सेवकों का सम्मान कर समापन हुआ। जिसमें शहर के समस्त राम भक्तों ने बढ़कर सहयोग प्रदान कर इस आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर कार्यसेवकों में स्थानीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा जी, संदेश पुरोहित, विनोद तिवारी, शिवकिशोर रावत, सुनील, दयाल सिंह बंजारा, विनोद पांडे, अनिरुद्ध चंद्रसोरिया, कुबेर सोनी, महेश गिरि, चन्द्रशेखर सराठे, विजय मेहरा, गुलाबसिंह चौहान, कमल बडगूजर, याचिकाकर्ता जगदीश मालवीय, दुष्यंत गौर, अभिमन्यु मेघानी, उमाशंकर चौधरी, अरुण दुबे, गोविंद ठाकुर, कृष्ण गोपाल विश्वकर्मा एवं अन्य कार्यसेवकों को शॉल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सृष्टि ग्रुप से डॉ. पंकजमनी पहारिया, विधायक प्रतिनिधि शशांक मालवीय, रूपेश शर्मा, श्रियंक तिवारी, कुँवर सिंह, संदेश दुबे, वरुण सिंह राजपूत, मोहित मोरबानी एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस पर नपा करेगी लोकतंत्र सेनानियों, समाजसेवियों का सम्मान

# पीटी, परेड और बैंड प्रदर्शन में दिखेगी नारी शक्ति की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगरपालिका परिषद इटारसी द्वारा आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में इस वर्ष परेड और पीटी में नारी शक्ति की झलक नजर आएगी। यहां परेड, पीटी व बैंड में शामिल 1600 प्रतिभागियों में करीब 1000 बच्चियां हैं।

इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बच्चियों प्रस्तुति देंगी। इस वर्ष नगरपालिका परिषद गांधी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में लोकतंत्र सेनानियों, समाजसेवियों के अलावा राम मंदिर आंदोलन में जुडे कार सेवकों का सम्मान करेगी। इसके अलावा प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारी सम्मानित किए जाएंगे। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि इस वर्ष भी देना बैंक तिराहे से मार्च पास्ट प्रारंभ होगा। सुबह 8.30 बजे जयस्त्म्भ चौक पर झंझा वंदन होगा। यहां से मार्च पास्ट गांधी मैदान कूच करेगा। यहां सुबह 9 बजे झंडावंदन के साथ गणतंत्र दिवस समारोह प्रारंभ होगा। इस वर्ष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मप्र तैराकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष शर्मा होंगे।

### श्रीराम मंदिर की झांकी होगी विशेष आकर्षण का केंद्र

इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में अयोध्या में बने भगवान श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति की झांकी मुख्य आकर्षण होगा। इस राष्ट्र मंदिर के अलावा यहां कचरे से फर्नीचर निर्माण करने का कार्य नगरपालिका परिषद व एनजीओ द्वारा कैसे किया जाता है और इस कचरे से क्या क्या बन रहा है, इसी प्रदर्शनी भी गांधी स्टेडियम में मुख्य आकर्षण होगी।

## खबर संक्षेप

### बीएलओ जाटव निलंबित

**हरदा।** फोटो निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपने कार्य में लापरवाही बरतने तथा अन्य अधिकारी कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार करने पर बूथ लेबल अधिकारी देवेश्वर जाटव को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि गर्ग ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय हरदा रहेगा।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री आज हरदा आएंगी

**हरदा।** मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर हरदा में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्रीमती गौर 25 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे भोपाल से कार द्वारा प्रस्थान कर रात्रि 7 बजे हरदा आयेंगी तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगी। अगले दिन 26 जनवरी को नेहरू स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती गौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी। मंत्री श्रीमती गौर दोपहर 12 बजे तजपुरा की एकीकृत माध्यमिक शाला में आयोजित विशेष भोज में शामिल होकर दोपहर 12.30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

### आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**हरदा।** 25 जनवरी को जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि गर्ग के मुख्य अतिथ्य में सुबह 11 बजे से पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन भी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तर के साथ-साथ विकासखण्ड व बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों में नये मतदाताओं को वोटर कार्ड प्रदान किए जाएंगे। स्वीप प्रभारी त्रिपाठी ने बैठक में बताया कि इस कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ निबन्ध व वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश का वाचन कलेक्टर ऋषि गर्ग करेंगे तथा इसके बाद उपस्थित नागरिकों को मतदान की शपथ दिलायेंगे।

### जिले की शालाओं में होगा विशेष भोज

**हरदा।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिले के सभी प्राथमिक व माध्यमिक शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए सब्जी, खीर, पुड़ी, हलवा, लड्डू का विशेष भोज आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में एकीकृत माध्यमिक शाला तजपुरा में आयोजित विशेष भोज कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर के साथ कलेक्टर ऋषि गर्ग व पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन भी शामिल होंगे। गणतंत्र दिवस पर स्कूलों में होने वाले विशेष भोज में शामिल होने के लिये अन्य अधिकारियों को भी निर्देश दिये गये है। विशेष भोज में खिरकिया विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला पहटकला में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया उपस्थित होंगे जबकि हरदा विकासखंड में शासकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ीनीमा में अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा तथा शासकीय माध्यमिक शाला दीपगांवकला में डिप्टी कलेक्टर संजीव नागू उपस्थित रहेंगे।

### जपं सीईओ खंडवा का प्रभार डिप्टी कलेक्टर मंडलोई को सौंपा

**खंडवा।** प्रशासकीय कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खंडवा का प्रभार निकिता मंडलोई डिप्टी कलेक्टर को अपने कार्य के साथ-साथ अतिरिक्त रूप से आगामी आदेश तक सौंपा गया है।

---

### रेडक्रॉस का उद्देश्य गरीब, दीन दुःखी और जरूरतमंदों को मदद करना है


# रेडक्रॉस अध्यक्ष और सचिव का कारनामा गरीबों की मदद के लिए जमा पूंजी से अरबपति की मदद

*साढ़े पांच लाख की राशि से एनआरआई श्याम सुंदर महाजन की मदद के नाम पर मूर्तिकार को कर दिया भुगतान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर मेहरजा में निर्माणाधीन कान्हा निधिवन में सरकारी निधि के कथित हेर फेर को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्योंकि ऐसा ही एक बड़ा चौकाने वाला मामला सामने आया है। जिसमें रेडक्रॉस अध्यक्ष और तत्कालीन कलेक्टर शिवराज वर्मा ने रेडक्रॉस की निधि फंड से साढ़े पांच लाख रुपए का चेक सिद्धि विनायक डेकोरेशन एंड इवेंट फर्म आष्टा जिला सीहोर को दे दिया। जबकि चौकाने वाली बात तो यह है कि रेडक्रॉस से इतनी बड़ी राशि किसी को मदद के लिए नहीं दी जा सकती। हालांकि यह ओर भी चौकाने वाली बात है कि यह मदद फर्म संचालक राकेश कुशवाह को नहीं बल्कि इस्कान मंदिर ट्रस्टी एनआरआई डॉक्टर श्याम सुंदर महाजन द्वारा कलेक्टर रेडक्रॉस से मांग पर मूर्तिकार को प्रोत्साहन के रूप में दे दिया गया। यहां एनआरआई और सक्षम व्यक्ति को साढ़े पांच लाख की मदद करना रेडक्रॉस राशि का आर्थिक दोहन या दुरुपयोग करना कहना उचित होगा। मामले को लेकर जब तत्कालीन कलेक्टर से चर्चा की गई तो वह टालमटोल करते नजर आए। कान्हा निधिवन में भगवान श्रीकृष्ण की कान्हा स्वरूप की एफआरपी जीपी रेजिन सामग्री से बनी 56 फीट की मूर्ति लगाई जाना है।






### रेडक्रॉस को कोई फंड आवंटित नहीं होता

मध्यप्रदेश रेडक्रॉस के पूर्व चेयरमैन आशुतोष पुरोहित ने रेडक्रॉस के मूल उद्देश्य को लेकर कहा कि वैसे तो यह कलेक्टर के अधिकार के दायरे की बात है लेकिन मैं 2018 से 2021 तक अध्यक्ष पद पर रहा हूं। परंतु पूरे मध्यप्रदेश में इस तरह की शायद किसी को मदद नहीं कि गई। रेडक्रॉस सोसायटी का मूल उद्देश्य गरीब, दीन दुःखी, स्वास्थ्य पीड़ा के जरूरत मंदो की मदद करना है। रेडक्रॉस की आर्थिक स्थिति को लेकर पूर्व चेयरमैन पुरोहित कहते हैं कि रेडक्रॉस को कोई फंड आवंटित नहीं होता और न ही वरिष्ठ हेड ऑफिस से कोई फंड नहीं मिलता। हालांकि स्कूलों से फीस में मामूली अंश के रूप रेडक्रॉस सहयोग राशि ली जाती है जो वर्षों तक विभाग में ही अटकी रहती है। तो दूसरा आवक का साधन रेडक्रॉस पदेन अध्यक्ष होने के नाते कलेक्टर करते हैं। विभिन्न विभागों में होने वाली कार्रवाई के रूप में दिए दंड के साथ ली जाने वाली सहायता राशि के रूप में खासकर खनिज विभाग में खनिज लवण चोरी करने वालो और अवैध उत्खनन कर्ताओं और परिवहनकर्ताओं पर लगाए दंड के साथ भी रेडक्रॉस में सहायता राशि या दंड राशि भरवा दी जाती है। इस तरह कभी बूंद बूंद तो कभी दंड दंड कर वसूली राशि से रेडक्रॉस का खजाना भरा जाता है। किसी को मदद के तौर पर पांच हजार से अधिकतम पच्चीस हजार तक राशि देते हैं। अगर कलेक्टर ने निधिवन में इतनी बड़ी रकम दान स्वरूप दी है तो यह सोचने वाली बात जरूर है।

### एनआरआई महाजन ने दान दी है कान्हा जी की मूर्ति

स्कान मंदिर के ट्रस्टी और एनआरआई श्याम सुंदर महाजन ने कान्हा निधिवन में कान्हा की लगभग तीस लाख की मूर्ति दान की है। इतने बड़े दान के पीछे की भी अलग कहानी है। लेकिन यहां फिलहाल सवाल यह है कि लाखों की मूर्ति दान देने वाले व्यक्ति के एक आवेदन पर रेडक्रॉस ने मदद में लाखों रुपए दिए क्यों ..?

### मूर्ति दानदाता का मेटर है

मूर्तिकार से एग्रीमेंट डॉक्टर श्यामसुंदर महाजन का हुआ था। इसमें हमारा कोई हस्तक्षेप नहीं। जिला पंचायत ने निधिवन को लेकर प्रशासन स्तर पर काम किया है। मूर्तिकार की शिकायत के बाद हमारे पास जांच के लिए कलेक्टर कार्यालय से पत्र आया था, जिसे लेकर हमने जांच की। रेडक्रॉस से दी गई राशि के संबंध में हमें कोई जानकारी नहीं है। यह मामला कलेक्टर के क्षेत्राधिकार का है।

**पुरुषोत्तम पाटीदार,**
प्रभारी जिला पंचायत सीईओ खरगोन।

### निधिवन शासकीय प्रोजेक्ट है

इस्कॉन मंदिर के महाजन द्वारा मूर्ति दान स्वरूप देना था लेकिन वह इसके भुगतान में हाथ खींच रहे थे, इसीलिए हमने महाजन के आवेदन पर रेडक्रॉस से साढ़े पांच लाख की मदद कर राशि मूर्तिकार को दे दी, यह गलत नहीं है।कलेक्टर ही तो रेडक्रॉस में राशि कलेक्ट कर जमा कराते हैं। तो किसी भी गरीब जरूरतमंद या अच्छे काम के लिए मदद कर सकते हैं। महाजन की कॉलोनी को लाभ की कोई मंशा नहीं रही, यह निधिवन शहरवासियों के लिए सौगात देने की मंशा से योजना क्रियान्वित की है, फिलहाल मैं वहां कलेक्टर नहीं हूं।

**शिवराज वर्मा,**
तत्कालीन कलेक्टर

---

## सीसीआई की 200 रुपए क्विंटल कम दाम पर कपास खरीदी का विरोध

### भीकनगांव मंडी गेट पर वाहन अड़ाकर धरने पर बैठे किसान, प्रदेश में आंदोलन की चेतावनी



**खरगोन/भीकनगांव।** जिले की भीकनगांव कृषि उपज मंडी में भारतीय कपास निगम की खरीदी में 200 रुपये प्रति क्विंटल काम किए जाने को लेकर किसानों ने विरोध किया। बुधवार दोपहर 12:30 बजे मंडी प्रांगण में भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने नीलामी रोक दी। मंडी का गेट बंद पर वाहन अड़ाकर धरना दे दिया। नारेबाजी कर कम दाम पर खरीदी का कड़ा विरोध किया। भारतीय कपास निगम अब तक किसानों से 6920 रुपए क्विंटल पर खरीदी कर रहा था। मंगलवार से माल की हल्की क्वालिटी होने से 200 क्विंटल दाम गिराकर 6720 रुपए क्विंटल से खरीदी शुरू की।

भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मुकेश पटेल ने कहा कि किसानों का शोषण हो रहा है। लंबे रेशे का माल पहुंच रहा है। सीसीआई की कम भाव में खरीदी से मंडी में नीलामी के भाव गिरा दिए हैं। लागत भी नहीं मिल पा रही है। भीकनगांव सहित पूरे प्रदेश की कपास मंडी बंद कर देंगे। हंगामा के चलते शुरुआती कुछ वाहनों की नीलामी के बाद शेष 250 वाहनों की नीलामी नहीं हो पाई। सीसीआई प्रतिनिधियों ने किसान प्रतिनिधियों से बातचीत की। और 2 दिन का समय मांगा है लेकिन किसान अपनी बात पर पड़े हुए हैं।

### तीन दिन पहले जारी किए थे आदेश

भारतीय कपास निगम ने इस संबंध में 3 दिन पहले नया आदेश जारी किया था। इसमें कपास की गुणवत्ता कमजोर होने के कारण एलआरए क्वालिटी में खरीदी की जानकारी दी थी। किसानों का कहना है कम भाव पर शिष्य की खरीदी कारण मंडी के दाम गिर गए हैं इससे किसानों को कम भाव मिल रहा है।

### आज मनाया जाएगा 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**खंडवा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में दोपहर 12:30 बजे से किशोर कुमार सभागृह खंडवा में आयोजित होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस संबंधी शपथ दिलाई जायेगी। इस अवसर पर 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के 1062 मतदान केन्द्रों पर भी मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

---

**बालिका दिवस पर कार्यशाला आयोजित**

## छात्र और छात्राओं को साइबर अपराध के संबंध में दी जानकारी

**हरदा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल हरदा में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में स्कूल की बालिकाओं व स्टाफ द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक प्रीति शर्मा ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने इस दौरान बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया डिवाइस पर प्राइवेसी सेटिंग के माध्यम से अपनी निजी जानकारियां छुपा कर रखें एवं प्रोफाइल लाक रखें, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में खराबी आने पर विश्वसनीय व्यक्ति से अपने सामने ही रिपेयर कराएं। सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. राहुल दुबे ने बालिकाओं के लिये संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी व समस्या आने पर चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 पर शिकायत दर्ज़ कराने को कहा। कार्यक्रम में वर्ष 2023 में प्रथम आने वाली कक्षा दसवीं की छात्रा दीपिका भाटी व प्रथम श्रेणी में पास होने वाली अन्य बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया।



उल्लेखनीय है कि भाटी द्वारा कक्षा दसवीं में 95.6 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कुमारी अदिति, आरती एवं पूर्णिमा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्राची विश्नोई, उर्वशी नामदेव, पूर्वी राजपूत को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षाप्रद कोमल फिल्म दिखाकर गुड टच-बेड टच के संबंध में जानकारी दी गई।

## मैं भी बाघ थीम पर विद्यार्थियों ने नृत्य और गायन किया

### शासकीय महाविद्यालय टिमरनी के 120 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

वन परिक्षेत्र टेमागांव सामान्य वन मंडल हरदा के अंतर्गत बीट बोरी में शासकीय महाविद्यालय टिमरनी के 120 छात्र छात्राओं की उपस्थिति में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अनुभूति कैम्प में छात्र छात्राओं को सुबह विभिन्न प्रकार के पक्षियों के दर्शन कराए गए। पक्षियों के बारे में जानकारी दी गई। पक्षी जगत की विशेषता के बारे में बताया गया प्रकृति पथ भ्रमण के दौरान छात्र छात्राओं को वन वन्यजीव एवं पर्यावरण बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विभिन्न प्रकार के वृक्षों की उपयोगिता प्रत्येक जीव चींटी से लेकर बाघ के महत्व एवं संरक्षण की आवश्यकता के बारे में बताया गया। इस वर्ष की थीम मैं भी बाघ के अनुरूप जानकारी दी गई। भोजन पश्चात निबंध, वन एंव वन्यप्राणी पहचान प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों को वनों से प्राप्त होने वाले वनोपजों के नमूना दिखाकर परिचय कराया गया। मैं भी बाघ थीम पर विद्यार्थियों द्वारा नृत्य एवं गायन किया गया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुन्दर लाल मवासे ,वन समिति अध्यक्ष नारायण शासकीय महाविद्यालय टिमरनी के प्राध्यापक एवं सीसीएफ अनिल कुमार शुक्ला साहब, वनमंडलाधिकारी हरदा सामान्य अनिल चोपड़ा साहब, डीपी गोस्वामी वन परिक्षेत्र अधिकारी टेमागांव सामान्य, अनुभूति प्रेरक रामविलाष रघुवंशी, हरिओम सोलंकी प्रेरक पुरुषोत्तम पट्टा ताराचंद चौरसिया प्रेरक एंव परिक्षेत्र टेमागांव सामान्य का समस्त बन अमला उपस्थित रहा। कार्यक्रम के उपरांत छात्र छात्राओं को पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



## हरदा के वृद्ध आश्रम में एक दीपक राम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



सम्पूर्ण देश रामलला प्रतिष्ठा की भक्ति में लीन रहा दीवाली सा माहौल दिन भर बना रहा। रामरूपी भक्ति में हरदा के वृद्धाश्रम में समाजसेवी महिलाओं ने एक दीपक राम का कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम से जुड़ी अंजू भायरे ने बताया कि सम्पूर्ण देश में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। हरदा नगरी में भी दिवाली सा माहौल था वही हरदा के वृद्धआश्रम के वृद्धजन अपने परिवारजनों से दूर रहे हैं। वह लोग इस माहौल से अछूते ना रहे। इसी उद्देश्य से कार्यक्रम को रखा गया। हर्षोल्लाह से आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान राम की प्रतिमा के समीप रंगोली बनाकर पुष्प अर्पित किए और सभी वृद्ध जनों ने एक-एक दीपक राम नाम का जलाया। कार्यक्रम में हरदा के गायक सुदीप मिश्रा , राम नेमा, निशात राजपूत ने भक्तिमय गीतों को गाया इस दौरान विभूति गौर, वंदना दोगने, सुमन राठी, नैना नेमा, अनिला बजाज, रितु नदवाना सहित सभी वृद्ध जन उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित**

## सुकन्या टीम ने लाड़ली टीम को दी मात, दीपिका मैन ऑफ द मैच




**हरदा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास संजय त्रिपाठी द्वारा सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया एवं टॉस कराई गई जिसमें लाडली टीम ने टॉस जीत कर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। सुकन्या टीम एवं लाडली टीम ने मैच खेला सुकन्या टीम की कप्तान अंजलि प्रजापति एवं लाडली टीम की कप्तान कनक सोलंकी रही। सुकन्या टीम ने लाडली टीम को मैच हराया एवं पुरस्कार प्राप्त किया। सुकन्या टीम ने छः ओवर में कुल 62 रन बनाए जिन्हे लाड़ली टीम मात्र 49 रन बना सकी। सुकन्या टीम की खिलाड़ी दीपिका वर्मा ने मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्राप्त किया। सहायक संचालक डॉक्टर राहुल दुबे द्वारा पुरुस्कार वितरित किए गए, पर्यवेक्षक सोनाली गौर, निखत खान, मानबिंदु श्रीवास, रेखा गोर एवं सलमा खान जिला समन्वयक खेल एवं यूवा कल्याण विभाग उपस्थित रहे। यह मैच जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने ग्राउंड पर हुआ।

### भारत-तिब्बत सहयोग मंच व सुभाष के दीवाने ग्रुप ने किया आयोजन

# नेताजी सुभाषचंद्र की जयंती पर हुआ चित्रकला प्रदर्शनी नृत्य व देशभक्ति गीतों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपना पूरा जीवन देश की सेवा करते-करते गुजार दिया। ऐसे देशभक्त, आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेता के जन्मदिन के पर भारत तिब्बत सहयोग मंच मालवा प्रांत जिला खंडवा द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर माणिक्य वाचनालय में मालवा प्रान्त उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक पन्नालाल गुप्ता के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जानकारी देते हुए प्रवक्ता नारायण बाहेती ने बताया कि महापौर अमृता अमर यादव व समाजसेवी आलोक सेठी, मंच के क्षेत्रीय संचालक इंदौर के यशवर्धन के आतिथ्य में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।



अतिथि के रूप में महापौर अमृता यादव ने कहाकि भारत की आजादी में नेताजी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने भारत तिब्बत सहयोग मंच की बात करते हुए कहाकि हम चीनी समान का पूर्ण रूप से बहिष्कार कर चीन को आर्थिक रूप से कमजोर कर सकते हैं। आलोक सेठी ने कहाकि भारत तिब्बत मंच का सुभाष जयंती पर कार्यक्रम आयोजित को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति यू ही सफल नही होता उसमें अनेको खूबियां होती है।जरूरी है कि हम उन्हें पढ़े और गुने। उन्होंने सुभाषचन्द्र बोस से जुड़ी वो 7 बाते बताई जो हमारे आज के जीवन मे भी कारगर है। शायराना अंदाज में शेर भी पढ़े।

अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संयोजक यशवर्धन ने मंच के उद्देश्यों से अवगत कराया व देश के विकास में योगदान की बात कही। पन्नालाल गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन देते हुए भारत तिब्बत सहयोग मंच के कार्यों की जानकारी दी। शबनम शाह के नेतृत्व में आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी में मोनिका वर्मा, शिशुपाल सोलंकी, अनिल पारधे, सुहानी, लेमनपुरे, अंकित धीमान, पूर्णिया चौरासे आदित्य मालाकार, कमलेश जोशी, गौरव बंसल, बंटी माली, शिशुपाल, वैभव, गुंजा, कश्यप कृतिका, भूमिका सोलंकी, नेहा पाठक, जयदीप गोलकर,भावना ने नेताजी के चित्रों को प्रदर्शनी में लगाया गया। कृष्ण भजन नृत्य की प्रस्तुति ईशानी माथुर द्वारा दी गई। कला के क्षेत्र में योगदान हेतु मंच द्वारा शबनम शाह को सम्मानित किया गया। राम स्तुति पायल गोलानी, अदिति नायक व हर्षिता पाल द्वारा दी गई। विजया द्विवेदी, विनय शुक्ला, प्रफुल्ल मंडलोई व विद्यादायिनी संगीत संस्था सदस्यों द्वारा देश भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति ने सदन को झूमने पर मजबूर कर दिया। बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे। कलाकारों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

### गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल हुई

## कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी



**खंडवा।** गणतंत्र दिवस समारोह जिले में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। स्थानीय स्टेडियम मैदान पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की फायनल रिहर्सल बुधवार सुबह 9 बजे से आयोजित हुई, जिसमें कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर ध्वजारोहण किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक बीरेन्द्र सिंह के साथ परेड के निरीक्षण के बाद परेड की सलामी ली। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर केआर बड़ोले, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारणेकर सहित विभिन्न जिला अधिकारीगण मौजूद थे।